पेयजल किल्लत, महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

अजमेर, 27 मई (ब्यूरो) : कांग्रेस कमेटी दक्षिण ब्लॉक-ए और दक्षिण ब्लॉक-बी के नेतृत्व में बुधवार को महंगाई, नीट पेपर लीक, पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों के साथ शहर में पानी की किल्लत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डाक बंगले से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट तक मार्च किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में मेलोडी टॉफियां लेकर विरोध जताया और लोगों में टॉफियां बांटी।

कलेक्ट्रेट पर लगाए गए पुलिस बेरिकेड्स पर कई कार्यकर्ता चढ़ गए और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की भी हुई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों पर विफल साबित हुई है। की रसोई प्रभावित हो रही है और दैनिक जरूरतों का सामान खरीदना मुश्किल होता जा रहा है।

72 घंटे में दे रहे पानी : अजमेर शहर में पेयजल संकट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बावजूद शहर में 72 घंटे के अंतराल से मात्र 30 मिनट के लिए कम प्रेशर से पानी की सप्लाई दी जा रही है। जबकि बीसलपुर बांध और फॉयसागर तालाब भरे हुए हैं।

महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ी : प्रदर्शन के दौरान अजमेर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से सब्जियों समेत हर चीज महंगी हो गई है और महिलाओं की रसोई बिगड़ चुकी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामचंद्र चौधरी, पूर्व विधायक श्री गोपाल बाहती, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी धोलखेड़िया, चंदन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल, मुकेश पवार, महिला अध्यक्ष लक्ष्मी बुंदेल, मंडल अध्यक्ष मनीष सेन सहित कई पार्टी नेता मौजूद रहे।

2.964 किलो गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

टोंक, 27 मई (भगवान सहाय शर्मा) : डीएसटी टीम टोंक एवं डिग्गी पुलिस थाना पुलिस ने 'नशा मुक्त टोंक अभियान के तहत 2.964 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन एवं एक बाइक भी जब्त की है। तस्तक से बरामद गांजे की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है।

ग्राम चांदसेन में गिरफ्तार : अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी एवं वृत्ताधिकारी मालपुरा आशीष कुमार प्रजापत के सुपरविजन में थानाप्रभारी गोपाल चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 26 मई को डिग्गी थाना क्षेत्र के ग्राम चांदसेन में कार्रवाई की। पुलिस ने अवैध रूप से गांजा सप्लाई करने की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जितेंद्र सैनी निवासी खातियों का मोहल्ला चांदसेन, थाना डिग्गी, जिला टोंक के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

जनसहभागिता के बगैर जल संचय करना असंभव : चौधरी

वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को लेकर बोले प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल

नागौर, 27 मई (ब्यूरो) : जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल तथा जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि हर नागरिक को जल का महत्व समझना होगा। जनसहभागिता बगैर जल संचय करना असंभव है। सरकार केवल योजना बना सकती है। उसमें जनसहयोग जरूरी है। चौधरी बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 को लेकर बताया कि पावन अधिकमास और गंगा दशमी के पुण्य अवसर पर जिले के ऐतिहासिक जड़ा तालाब से इस विशेष अभियान का आगाज किया गया है। प्रभारी मंत्री चौधरी ने बताया कि यह अभियान 25 मई से शुरू होकर विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून तक पूरे प्रदेश में ग्राम स्तर तक चलाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य जल संरक्षण, भजल पुनर्भरण और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आमजन में जगाना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान में जनप्रतिनिधियों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक व औद्योगिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी तय की जा रही है।

जल संरक्षण अब सामाजिक दायित्व : प्रभारी मंत्री ने कहा कि राजस्थान जैसे भौगोलिक परिवेश वाले राज्य में पानी की 'हर बूंद की कीमत' बहुत अधिक है। राज्य सरकार जनभागीदारी आधारित स्थायी समाधान की दिशा में काम कर रही है।

नावांशहर में प्रभारी मंत्री ने किया श्रमदान

नावांशहर,27 मई (अशोक जोशी) : मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने नावांशहर में कुआं पूजन किया। वे जिले के दौरे पर नावां पहुंचे और पगल्या वाले बाबा धाम में आयोजित 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस अभियान के अंतर्गत प्रभारी मंत्री ने श्रमदान भी किया। मंत्री कन्हैयालाल चौधरी जयपुर से रवाना होकर पगल्या वाले बाबा धाम पहुंचे थे। उन्होंने स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और कुआं पूजन जैसे कार्यक्रमों में भी सक्रिय सहभागिता निभाकर संदेश दिया।

क्विक रीड

प्रियंशु कंवर का चयन

देवली,(कृष्ण गोपाल शर्मा) : महत्मागांधी राजकीय विद्यालय, देवली की छात्रा प्रियंशु कंवर ने एनएमएमएस 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। छात्रा ने परीक्षा में कुल 180 में से 112 अंक प्राप्त कर चयन सुनिश्चित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव शर्मा ने यह जानकारी दी।

आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

टोंक,(भगवान सहाय शर्मा) : वार्ड नं. 60 के निवासियों ने नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया है। ज्ञापन के अनुसार वार्ड में झाड़ियां और बबूल उग आए हैं, जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कतें हो रही है। रास्ता संकरा हो गया है। प्रशासनिक अनुमति के बिना इन झाड़ियों और बबूल को हटाया नहीं जा सकता। इसलिए नगर परिषद से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान हरिभजन, रामावतार, माधवलाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

शांति समिति की बैठक

सरवाड़,(ओम आचार्य): ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाधिकारी रामपाल शर्मा ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया।

एक क्विंटल अनाज जब्त

पुष्कर, (ब्यूरो): पुष्कर सरोवर की सफाई और पवित्रता बनाए रखने के लिए नगर परिषद ने घाटों पर कार्रवाई की। नगर परिषद की टीम ने बुधवार को सरोवर क्षेत्र से एक क्विंटल से ज्यादा अनाज जब्त किया। यह अनाज प्लास्टिक की थैलियों में पैक कर घाटों पर बेचा जा रहा था। नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा ने यह जानवकारी दी।

वर्षगांठ

विष्णु स्वरूप पत्नी राजकंवर (भीलवाड़ा)

पंजाब केसरी
सदा आपके साथ
जन्मदिन | विवाह | वर्षगांठ
बेटे/बिटिया के जन्मदिन | नव-विवाहित जोड़े की | अपने विवाह की वर्षगांठ की
फोटो हमें भेजें। प्रकाशन निःशुल्क होगा
newsjpr@punjabkesari.net.in
whatsapp
9803164436
नोटः मेल में नाम, माता-पिता का नाम, पता और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें।

ईद-उल-अजहा आज : बकरा मंडी में 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार

अजमेर, 27 मई (ब्यूरो) : मुस्लिम समुदाय 28 मई को ईद-उल-अजहा मनाएगा। ईद की विशेष नमाज केसरगंज स्थित ईदगाह में सुबह 9 बजे शहरकाजी मौलाना तौसीफ अहमद सिद्दीकी की इमामत में अदा की जाएगी।

दरगाह नाजिम मोहम्मद बिलाल खान के अनुसार 28 मई को इदूलजुहा पर शहर की प्रमुख मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाएगी। दरगाह शरीफ स्थित शाहजहांनी मस्जिद में सुबह 8 बजे, संदली मस्जिद में सुबह 8.45 बजे, ईदगाह में सुबह 9 बजे नमाज होगी। इसी प्रकार आदर्शनगर स्थित कलंदरी मस्जिद में भी सुबह 8 बजे, कलक्ट्रेट मस्जिद में सुबह 8.45, क्लॉक टावर मस्जिद में सुबह 9.30 बजे नमाज होगी।

ब्यावर शहर में कमेटी इस्लामिया इन्तेजामिया औकाफ व जामा मस्जिद और शहर काजी जामा मस्जिद इमाम सैयद मुहम्मद इरफान ने बताया कि ईद के मौके पर बड़ी ईदगाह चांग चितार रोड पर सुबह 7.30 बजे, ईदगाह छावनी में 7.45 बजे, ईदगाह जलालशाह बाबा में 8 बजे, छापरो का बाडिया ईदगाह में 7.30 बजे ईद.उल.अजहा की नमाज होगी।

बकरों की खरीद फरोख्त में आई तेजी : इदुल.अजहा पर पर कुर्बानी करने के लिए स्थानीय खरीददारों की आवक बढ़ने से बकरामंडी की रौनक भी परवान चढ़ रही है। मंडी में अभी डेढ़ लाख रुपए कीमत वाले बकरे बिकने आए हैं जबकि इससे अधिक कीमत वाले बकरों व खरीददारों की संख्या कम है। अजमेर मीट एसोएिशन के अध्यक्ष इल्यिास कुरैशी के अनुसार ब्यावर रोड स्थित बकरा मंडी में अजमेर सहित नागौर, भीलवाड़ा, हरियाणा, यूपी और अन्य क्षेत्रों के व्यापारी पहुंच गए है। उन्होंने 5 हजार से ज्यादा बकरे विदेश भेजे हैं। वर्तमान में डेढ़ लाख रुपए की कीमत वाले काफी जानवर आए है। बुधवार तक अजमेर की बकरा मंडी में 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

भीलवाड़ा में बम की सूचना पर हाईअलर्ट

भीलवाड़ा, 27 मई (मुकेश राठी) : भीलवाड़ा शहर में बुधवार दोपहर बम मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। शहर के प्रमुख पब्लिक प्लेस पर पुलिस की टीमें पहुंची और हर संदिग्ध वस्तु की चैकिंग की। साथ ही मेटल डिटेक्टर से भी जांच की गई। शहर की भीड़भाड़ वाली जगह, धार्मिक स्थल और बैंक परिसर में भी टीमों ने चैक किया। पुलिस को शहर के प्रमुख हिस्सों में बम व संदिग्ध वस्तु रखने का इनपुट मिला था। जानकारी के अनुसार, जिला कलेक्टर कार्यालय में एक मेल आया था, जिसमें शहर के 30 किमी के दायरे के धार्मिक स्थल, बैंक सहित प्राइवेट प्लेस पर संदिग्ध वस्तु और बम का इनपुट था। पुलिस के अनुसार फिलहाल, जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है।

आईजी भोमिया ने किया सीओ ग्रामीण ऑफिस का निरीक्षण

अजमेर, 27 मई (ब्यूरो) पुलिस महानिरीक्षक (एसएसबी) अंशुमान भोमिया ने कहा कि वार्षिक निरीक्षण के दौरान अफसरों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। इसकी रिपोर्ट पुलिस महानिदेशक को सौंपी जाएगी।

भोमिया ने बुधवार को सीओ ग्रामीण कार्यालय का निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से कहा कि निरीक्षण के दौरान अफसरों से चर्चा कर जान रहे है कि अपराध का ट्रेंड क्या है, अपराध बढ़े तो क्यों बढ़े और किस तरह के अपराधों में कमी आई है। राजस्व घटा तो क्यों घटा है और साथ ही संसाधनों की क्या कमी है। इस बारे में रिपोर्ट तैयार कर डीजीपी को सौंपेंगे।

इससे पहले भोमिया के सीओ ग्रामीण कार्यालय पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हर्षवधन अग्रवालाए सीओ ग्रामीण रामचन्द्र चौधरी सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

बता दें कि बुधवार को भोमिया अजमेर आए और पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया और इसके बाद जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक ली। निरीक्षण के बाद सम्पर्क सभा ली। एसपी ऑफिस भी पहुंचे और विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। अभय कमांड सेंटर की व्यवस्थाएं भी देखीं।

पानी से भरी खदान में डूबने से युवक की मौत

अजमेर, 27 मई (ब्यूरो) : ब्यावर जिले के जवाजा थाना क्षेत्र के सुरड़िया गांव के पास पानी से भरी बंद काली पत्थर की खदान में डूबने से अलीनगर, नुदंरी मेंदरातान निवासी राहुल पुत्र दीपा राम (21) की मौत हो गई। युवक अपने दो दोस्तों के साथ सामाजिक कार्यक्रम से लौट रहा था।

बैंक ऑफ बड़ौदा
Bank of Baroda
बैंक ऑफ बड़ौदा, रामलालाइन एक्सप्रेस शाखा, जयपुर
नागर रेजीडेंसी, संगरिया अस्पताल के पास, कैलाशपुरी रोड, मानसरोवर नगर, जयपुर, राजस्थान 302017
आम सूचना
दिनांक- 28.05.2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा (रामलालाइन एक्सप्रेस शाखा, जयपुर, नागर रेजीडेंसी, संगरिया अस्पताल के पास, कैलाशपुरी रोड, मानसरोवर नगर, जयपुर, राजस्थान 302017) ने मैसर्स पाटनी पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड को वित्तीय सहायता प्रदान की है और ऋण/क्रेडिट सुविधा की सुरक्षा के रूप में नीचे उल्लेखित संपत्तियों पर प्रभार सृजित किया है, अर्थात्:- औद्योगिक रूपांतरित भूमि जो खसरा नंबर 641/8, ग्राम- बड़ागांव, तहसील- किशनगढ़, जिला- अजमेर (राजस्थान) में स्थित है, जो मैसर्स पाटनी पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है और जिसका क्षेत्रफल 17394 वर्गमीटर है। यदि किसी भी व्यक्ति का उपरोक्त संपत्ति पर कोई अधिकार/स्वामित्व/हित/दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे 10 दिनों के भीतर अपने दावे को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक प्रमाण के साथ बैंक से संपर्क करें। यदि 10 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि किसी भी व्यक्ति का आम जनता को उक्त संपत्तियों पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है और इसे किसी भी प्रभार/दावे/भार से मुक्त माना जाएगा और बैंक बंधक की प्रक्रिया को जारी रखेगा।
पंकज कुमार शर्मा एडवोकेट, 9461684160

बाड़े में लगी आग से चारा, ईंधन और पेड़-पौधे जले

टोंक,27 मई (भगवानसहाय शर्मा) : टोंक जिले के सोप कस्बे की बैरवा ढाणी वार्ड नंबर 11 में बुधवार अलसुबह करीब 5 बजे एक बाड़े में अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से पशुओं के लिए रखा करीब पांच ट्रॉली सूखा चारा जलकर राख हो गया। साथ ही पास के बाड़े में रखी लकड़ियां और कंडे भी जल गए । इसके अलावा करीब आधा दर्जन पेड़.पौधे आग में जल गए। इससे पीड़ित मांगीलाल करसोलया को करीब 40 से 45 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

सूखा चारा जलने लगा : पीड़ित मांगी लाल ने बताया कि बाड़े में बड़ी मात्रा में सूखा चारा भरा होने से आग ने कुछ ही देर में और तेज हो गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की। आग की लपटें पास में स्थित घासी करसोलया के बाड़े तक पहुंच गईं, जिससे वहां रखी लकड़ियां और कंडे जलकर राख हो गए।

2 घंटे में पाया काबू : ग्रामीणों ने ट्यूबवेल आदि चलाकर समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया होता तो आग आसपास के रिहायशी मकानों तक पहुंच सकती थी। सूचना मिलने पर उनियारा से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और 2 घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

पुष्कर सरोवर में लगाई आस्था की डुबकी

पुष्कर, 27 मई (ब्यूरो) : तीन वर्ष बाद आए ज्येष्ठ अधिक मास की पद्मिनी एकादशी पर बुधवार को तीर्थराज पुष्कर आस्था, भक्ति और पुण्य के त्रिवेणी संगम में डूबा रहा। पुष्कर सरोवर पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। बुधवार देर शाम तक करीब 70 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर धर्म लाभ उठाया।

इस दौरान परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मंगलवार देर रात से ही देश के कोने-कोने से आए यात्रियों का पुष्कर पहुंचना शुरू हो गया था। बुधवार सुबह 4 बजे से ही 52 घाटों पर जय पुष्कराज महाराजऔर हरि बोल के जयकारे गूंजने लगे। महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए सरोवर में डुबकी लगाई।

पवित्र स्नान के बाद एकादशी पर पुष्कर में दान पुण्य का भी विशेष माहौल रहा। धार्मिक संगठनों, व्यापार मंडलों और समाजसेवियों ने घाटों पर 25 से अधिक स्थानों पर प्याऊ लगाई। श्रद्धालुओं को शीतल जलए शर्बतए छाछ और ठंडे पेय पिलाए गए। भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। घाटों पर पुलिसए होमगार्ड और गोताखोर तैनात किए गए। पद्मिनी एकादशी के पावन पर्व का समापन बुधवार शाम बद्री घाट पर हुई दिव्य महाआरती से हुआ। पुष्कर सरोवर के सभी घाटों पर महिला-पुरुषों की खासी भीड़ रही। इस दौरान विशेष स्नान को लेकर विशेष आस्था नजर आई। बुधवार को यातायात की दृष्टि से भी पुष्कर में आवागमन बाधित रहा।

बैंक ऑफ बड़ौदा
Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय आर्थिक समृद्धि शाखा, बड़ौदा भवन
दूसरी मंजिल, 13 एक्सपोर्ट प्लाजा, दुर्गापुरा, टोंक रोड, जयपुर-302018
फोन: 0141-2727166, ई-मेल: arejai@bankofbaroda.com
ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना
सरफेसी एक्ट 2002 के अन्तर्गत ऑनलाइन ई-ऑक्शन के जरिए संपत्ति विक्रय के लिए नियम और शर्तें
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवीकृत/प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार द्वारा 'जहां है, जैसे है और जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। प्रत्याभूति-दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, प्रतिभूत सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी की दिनांक व समय, अग्रिम धन राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

क्र. सं.	कर्जदार / जमानतदारों / बंधककर्ताओं के नाम एवं पते	ज्ञात संपत्तियों के साथ अचल एवं चल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	कुल बकाया मांग सूचना के अनुसार	ई-नीलामी दिनांक: ई-नीलामी का समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की तिथि (सांकेतिक / वास्तविक)	सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	मैसर्स ए.के.इंडिया इण्डस्ट्रीज (प्रोपो एवं सभी) (2) पंजीकृत फैक्ट्री: तथा खसरा नं. 1033/61,63 सहित अन्य ग्राम पंचायत कठेहड़ तहसील मसूदा जिला-अजमेर, राज. (3) पंजीकृत कार्यालय: 23 जिन कॉलोनी, कुमानगढ़ की ढाणी, मालवीय नगर, जयपुर, राज. 302029,; श्रीमती मधुरा शर्मा पत्नी श्री केदार	औद्योगिक रूपांतरित संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जिसमें फैक्ट्री की भूमि व भवन जो खसरा नंबर 1033/61, 63 पुराने खसरा नंबर 856/34 और 938/34 के अलावा पुराने खसरा नं 856/34 और 855/34/1, गोविन्दगढ़, ग्राम पंचायत-कठेहड़, तहसील-मसूदा, जिला-अजमेर, राज. में स्थित, जो कि मैसर्स ए.के.इंडिया इण्डस्ट्रीज जरिए इसके मालिकान के नाम है, क्षेत्रफल 3642.17 वर्गमी.है। सीमाएं:- पूर्व- अन्य की संपत्ति, दक्षिण-अन्य की संपत्ति, उत्तर- रास्ता, पश्चिम- अन्य की संपत्ति	रुपये 6996196.22 दिनांक 24.05.2026 एवं उक्त कार्य का ब्याज, लागतें, शुल्क एवं अन्य खर्चों सहित	15.06.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक	आरक्षित मूल्य रुपये 22,40,000/- धरोहर राशि रुपये 2,24,000/- बोली वृद्धि राशि- रुपये 10,000/-	भौतिक	12.06.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

प्रभारी (मालिकान और गारंटर) निवासी: जाटों का मोहल्ला ग्राम मंडावली पचारी जयपुर राज.303005 और श्रीमती मनोज खुराना पत्नी श्री जीतेन्द्र खुराना (मालिकान और गारंटर) प्लॉट नं.5 अंबेडकर कॉलोनी, न्यू मालवीय रोड, श्याम नगर जयपुर राज. 302019;
विक्रय के नियमों और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://Baanknet.com को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क नं.8291220338 और ईमेल आईडी support.BAANKNET@psballiance.com; प्राधिकृत अधिकारी 0141-2727166, मो.नं. 9116014474
दिनांक: 27.05.2026 स्थान: जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा
अधिक विवरण हेतु स्कैन करें

आज का राशिफल

28 मई 2026, वीरवार

प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल तिथि द्वादशी (प्रातः 7.53 तक) तथा तदोपरांत तिथि त्रयोदशी। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति :-

सूर्य वृष में, चन्द्रमा तुला में, मंगल मेष में | बुध वृष में, शुक्र मिथुन में, शुक्र मिथुन में | शनि मीन में, राहु कुंभ में, केतु सिंह में



विक्रमी सम्वत् : 2083, ज्येष्ठ प्रविष्टे 14, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1948, दिनांक: 7 (ज्येष्ठ), हिजरी साल 1447, मलीन सिलिंड, सर्पिस 10, सूर्योदय: प्रातः 5.29 बजे, सूर्यास्त: सायं 7.21 बजे (लंबोदर टाइम), नक्षत्र: चित्रा (प्रातः 8.09 तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र स्वाति, योग: वरियान (28-29 मध्य रात 3.55 तक) तथा तदोपरांत योग परिघ, नंदिमा: तुला राशि पर (पूरा दिन-रात)। दिशा शूल : दक्षिण एवं आग्नेय दिशा के लिए, राहुकाल: दोपहर डेढ़ से तीन बजे तक। पर्व, दिवस तथा त्यौहार: प्रदोष व्रत, ईदुल जुहा बकरीद (मुस्लिम)।

पं. अमृतेश नंद शास्त्रिन ज्योतिष रिसर्च सेंटर, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर।

मेष : व्यापारिक तथा कामकाजी कामों की दशा अच्छी, सफलता साथ देगी, हर मामले के प्रति दोनों पति-पत्नी की एक जैसी सोच अपरोध करेगी।

वृष: विरोधियों की शरारतों, हरकतों पर नजर रखनी सही रहेगी, क्योंकि ये आपको नुकसान पहुंचाने का कोई मौका हाथ से न जाने देंगे।

मिथुन: संतान के सहयोग सपोर्टिव रुख पर भरोसा किया जा सकता है, इरादों में मजबूती, अर्थ दशा भी संतोषजनक रहेगी।

कर्क: किसी अदालती काम को हाथ में लेने पर कामयाबी मिलेगी, तेज प्रभाव बना रहेगा, मगर मेहनत के मामले में अटेंटिव रहना जरूरी होगा।

फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...
Kundli TV By Punjab Kesari
https://www.facebook.com/KundliTv
https://www.youtube.com/c/KundliTv
रोजाना दोपहर 1 बजे

सिंह : कामकाजी मामलों सहयोग करेंगे, मित्रों का रुख भी पॉजिटिव तथा आपकी मदद करने वाला होगा, मगर स्वभाव में क्रोध बना रहेगा।

कन्या : टीचिंग, कोचिंग, पुस्तक प्रकाशन, फोटो वीडियोग्राफी, ट्रांस्पोर्ट, कंसल्टेंसी का काम करने वालों को अपने कामों में लाभ मिलेगा।

तुला: अर्थ तथा कारोबारी दशा अच्छी, यात्रों-प्रोग्रामों में कामयाबी मिलेगी, शुभ कामों में ध्यान, मान-सम्मान की प्राप्ति।

वृश्चिक: जुंकि सितारा उलझनों-झमेलों वाला है, इसलिए कोई नया प्रोग्राम या पत्र शुरू न करना चाहिए, सफर भी परेशानी वाला।

धनु : सितारा धन लाभ वाला, कारोबारी टूरिंग फ्रूटफुल, किसी रुके पड़े कारोबारी काम को हाथ में लेने के लिए समय अच्छा।

मकर: राज दरबार में जाने पर आपके पक्ष की बेहतर सुनवाई होगी, आपका प्रभाव दबदबा बना रहेगा।

कुंभ: धार्मिक एवं सामाजिक कामों में रुचि, प्लान करने पर कोई स्कीम-प्रोग्राम मैच्योर होगा, इज्जत मान की प्राप्ति।

मीन: सितारा सेहत के लिए कमजोर, परहेज के साथ खान-पान करना सही रहेगा, सफर भी टाल दें।

विरोध प्रदर्शन कर सौंपे ज्ञापन

बुधवार को दिनभर जुलूस निकालने और प्रदर्शन करने से गर्माया माहौल

केकड़ी, 27 मई (ब्यूरो) : केकड़ी में बुधवार का दिन पूरी तरह आंदोलन, विरोध प्रदर्शन और ज्ञापनों के नाम रहा। केक्ड़ी जिले की मांग से लेकर पंचायत और जमीन विवाद तथा कर्मचारियों की समस्याओं तक अलग-अलग मुद्दों को लेकर दिनभर प्रदर्शन हुए। दिन की शुरुआत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन से हुई। इस दौरान गैर.आईसीडीएस कार्यों में ड्यूटी नहीं लगाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

इसके बाद ग्राम पंचायत गुलगांव का विवाद एक बार फिर चर्चा में रहा। निवर्तमान सरपंच और ग्रामीणों के बीच चल रहे विवाद के बीच गुलगांव से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण केकड़ी पहुंचे। पहले नगर पालिका परिसर में एकत्रित होकर उन्होंने रैली निकाली। उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पंचायत में कथित भ्रष्टाचार, सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण, जल जीवन मिशन में वित्तीय अनियमितताओं और ग्राम पंचायत रिकॉर्ड की जांच कराने की मांग की। इसी दौरान सावर क्षेत्र के ग्राम रात्या में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प का मामला भी प्रशासन तक पहुंचा। पीड़ित पक्ष की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

MENTOR HOME LOANS
मेंटर होम लोन्स इंडिया लिमिटेड
पूर्व में (मेंटर इण्डिया लिमिटेड)
प्रधान कार्यालय- मेन्टर हाऊस, बी-9, गोविन्द मार्ग, मेट्री कॉलोनी, जयपुर - 302004,
फोन: +91 8946800800 एवं 9351945723, ई-मेल: legal01@mentorloans.co.in
नीलामी की सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत नीलामी की सार्वजनिक सूचना

क्र. सं.	ऋणियों / जमानतदार का नाम एवं ऋण खाता नं.	प्रतिभूत आस्ति का विवरण	बकाया राशि दिनांक तक	भौतिक और सांकेतिक कब्जा तिथि	सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि (ईएमडी)	नीलामी की दिनांक व समय
1.	जोग प्रकाश सोनी, पार्वती देवी सोनी, गारंटर- राम लाल शर्मा ऋण खाता सं.- MJB900121	सदर बाजार, गुल मंडी, जिला भीलवाड़ा, राज.। क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर।	दिनांक 17-04-2026 तक बकाया राशि रु. 3010391/-	18-अप्रैल 26	रु. 2500000/-	रु. 250000/-	04.07.2026 दोपहर 12 बजे
2.	रमेश चंद्र तिगी, सरिता तिगी, रवि कुमार तिगी गारंटर- भगवान लाल खटीक ऋण खाता सं.- 5014488	पट्टा नंबर 9 (कुल क्षेत्रफल 495 वर्गफुट) एवं पट्टा नंबर 9007 (कुल क्षेत्रफल 330 वर्गफुट), ग्राम एवं ग्राम पंचायत बलदेनी, पंचायत समिति मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान।	दिनांक 12-02-2026 तक बकाया राशि रु. 6725028/-	15-अप्रैल 26	रु. 1600000/-	रु. 160000/-	04.07.2026 दोपहर 12 बजे
3.	जादू दास वैष्णव, मं